


## बकाइती सीजन-2' का ट्रेलर जारी

**हिंदी जी5** ने लोकप्रिय वेब सीरीज 'बकाइती' के दूसरे सीजन का ट्रेलर जारी कर दिया है। राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, तान्या शर्मा और आदित्य शुक्ला अभिनीत इस सीरीज का प्रीमियर 25 सितंबर को जी5 पर होगा.डाइस मीडिया निर्मित और समर इकबाल निर्देशित दूसरे सीजन में कटारिया परिवार एक बार फिर रोजमर्रा की पारिवारिक उलझनों, आपसी टकराव और हास्य के बीच नजर आएगा. पुराने गाजियाबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी में इस बार दोनों कटारिया परिवार एक ही छत के नीचे आ जाते हैं, जिसके बाद पारिवारिक रिश्तों और मतभेदों के बीच हास्य और भावनाओं से भरी परिस्थितियां पैदा होती हैं.सीरीज में देविशी मदान, रित्विक नांबियार और अशोक चव्हाण भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे. कहानी में आर्थिक दबाव, रिश्तों की परेशानियों और नानाजी की कमजोर होती याददाश्त के साथ कटारिया कुटीर के पुनर्विकास का मुद्दा भी सामने आता है. निर्देशक समर इकबाल ने कहा कि दूसरे सीजन में पहले सीजन के हास्य और उथल-पुथल को बरकरार रखते हुए किरदारों और उनके रिश्तों को और करीब से दिखाने की कोशिश की गई है. राजेश तैलंग ने कहा कि 'बकाइती' से दर्शकों का जुड़ाव खास रहा है और नए सीजन में कटारिया परिवार उसी अपनापन, हास्य और पारिवारिक रिश्तों के साथ लौट रहा है. शीबा चड्ढा ने कहा कि दोनों कटारिया परिवारों के एक छत के नीचे आने से इस बार भ्रम, बहस और हास्य के साथ पारिवारिक गर्मजोशी भी और बढ़ गई है.

**25 सितंबर से होगा प्रीमियर**

# रिचा की नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज


**अभिनेत्री रिचा** चड्ढा ने अपनी पहली नॉन-फिक्शन सीरीज़ 'मुसाफिरी' का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है. यह रिचा का यूट्यूब पर भी पहला कदम है. आठ एपिसोड की इस सीरीज़ को रिचा ने होस्ट करने के साथ-साथ लिखा और प्रोड्यूस भी किया है. 'मुसाफिरी' नए यूट्यूब चैनल 'फुल स्टॉप' पर 25 सितंबर से प्रसारित होगी. इसके बाद हर शुक्रवार एक नया एपिसोड जारी किया जाएगा. इस चैनल को रिचा चड्ढा और अली फज़ल ने लॉन्च किया है. मुसाफिरी' रिचा और अली फज़ल के प्रोडक्शन हाउस बटटंस स्टूडियोज़ की दूसरी प्रस्तुति है. इससे पहले प्रोडक्शन हाउस की फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को सनडांस में कई सम्मान मिले थे और रिचा को इंडी स्पिरिट्स अवार्ड्स में जॉन कैसावेट्स प्राइज़ से सम्मानित किया गया था.

'मुसाफिरी' का विचार रिचा के मां बनने के बाद अपने आसपास की दुनिया को नए नजरिए से देखने की जिज्ञासा से आया. इतिहास में ऑनर्स की पढ़ाई कर चुकी रिचा कला, इतिहास, संस्कृति और लोगों के जीवन को करीब से जानने में रुचि रखती हैं. सीरीज़ के पहले सीज़न में रिचा मुंबई के अनसुने इतिहास, कम चर्चित जगहों, दिलचस्प लोगों और अनकही कहानियों की तलाश करती नजर आएंगी. आठ एपिसोड में वह स्थानीय लोगों, कलाकारों, इतिहासकारों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से बातचीत करेंगी. उन्होंने कहा की मां बनने के बाद दुनिया को देखने का उनका नजरिया बदला और उनके भीतर चीजों को नए सिरे से जानने की जिज्ञासा पैदा हुई. उन्होंने सवाल किया कि जिस शहर में वह इतने वर्षों से रह रही हैं, क्या वह वास्तव में मुंबई को जानती हैं और इस शहर ने उन्हें जो कुछ दिया है, उसके प्रति उनकी क्या जिम्मेदारी है. मुसाफिरी' के जरिए रिचा अपने ही शहर को एक जिज्ञासु यात्री की नजर से जानने की कोशिश करेंगी. सीरीज़ का पहला सीज़न पूरी तरह मुंबई को समर्पित है.



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में मलयालम सिनेमा की धूम

**मलयालम सिनेमा** की आने वाली फिल्म 'हाफ' ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपनी खास पहचान दर्ज कराई है. निर्देशक समजद पीएस की इस फिल्म को प्रतिष्ठित 'मिडनाइट मैडनेस' सेक्शन में प्रदर्शित किया गया. इसके साथ ही 'हाफ' इस सेक्शन में स्क्रीनिंग पाने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है. अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में मिली इस जगह को फिल्म के साथ-साथ मलयालम सिनेमा के लिए भी महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान थिएटर में दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली. स्क्रीनिंग में मौजूद दर्शकों ने फिल्म के प्रति उत्साह दिखाया और प्रदर्शन समाप्त होने के बाद आयोजित सवाल-जवाब सत्र में भी सक्रिय भागीदारी की. इस दौरान फिल्म को लेकर दर्शकों की जिज्ञासा और उत्साह बना रहा. टीआईएफएफ का 'मिडनाइट मैडनेस' सेक्शन अपनी अलग पहचान रखता है. इस सेक्शन में आमतौर पर ऐसी फिल्मों को जगह दी जाती है, जो दर्शकों को रोमांच और अलग तरह का सिनेमाई अनुभव देने के लिए जानी जाती हैं.



**टीआईएफएफ में 'हाफ' ने रचा इतिहास**

# द रेवोल्यूशनरीज के लिए रोहित सराफ ने की 15 महीने की ट्रेनिंग



**अभिनेता रोहित सराफ** ने अपनी वेब सीरीज़ 'द रेवोल्यूशनरीज' में स्वतंत्रता सेनानी सचिंद्रनाथ सान्याल का किरदार निभाने के लिए करीब 15 महीने तक कड़ी ट्रेनिंग की.रोहित ने बताया कि किरदार के लिए उन्होंने करीब तीन महीने तक मल्लखंब और कुश्ती की भी ट्रेनिंग ली. निर्देशक निखिल आडवाणी से पहली मुलाकात के दौरान उन्हें अपने शरीर को हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के 'फाइट क्लब' वाले लुक जैसा बनाने के लिए कहा गया था. रोहित ने कहा कि वह पहले से फिट थे, लेकिन 'फाइट क्लब' में ब्रैड पिट जैसा शरीर उनके पास नहीं था. इसलिए निर्देशक की कल्पना के मुताबिक शरीर तैयार करना उनके लिए बड़ी चुनौती थी. उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग काफी कठिन और थकाने वाली थी तथा वह नियमित रूप से ट्रेनिंग के वीडियो निखिल आडवाणी को भेजते थे.

अभिनेता के अनुसार, ट्रेनिंग के दौरान उनके शरीर के साथ-साथ उनके चलने-फिरने का तरीका भी धीरे-धीरे बदलने लगा. भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर बनी 'द रेवोल्यूशनरीज' में रोहित सराफ के अलावा भुवन बाम, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीरजादा, जेसन शाह, पाओली डैम और तोता रॉय चौधरी भी हैं. सीरीज़ अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है.

## गणपति भक्ति में डूबीं संदीपा धर, 'चुंबक' टीम संग जश्न

**गणेश चतुर्थी** के मौके पर अभिनेत्री संदीपा धर भक्ति और उत्सव के रंग में नजर आई. उन्होंने मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया. संदीपा ने इस खास मौके की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनमें वह पीले रंग के एथनिक परिधान में गणपति की प्रतिमा के सामने प्रार्थना करती नजर आई. संदीपा की गणेश चतुर्थी सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं रही.

उन्होंने अपने इंडस्ट्री के दोस्तों के साथ भी त्योहार का जश्न मनाया. अभिनेत्री अर्जुन बिजलानी के घर पहुंचीं और वहां स्थापित गणपति की प्रतिमा के दर्शन किए. इस दौरान उन्होंने तस्वीर साझा करते हुए भगवान गणेश के लिए 'गन्नू जी' शब्द का इस्तेमाल किया. इसके बाद संदीपा ने लालबागचा राजा के दर्शन की तस्वीरें भी अपने प्रशंसकों के साथ साझा कीं. भगवान गणेश के सामने हाथ जोड़े संदीपा ने तस्वीर के साथ 'लालबाग का राजा! ब्लेस्ड' लिखा. तस्वीरों में उनके चेहरे पर भक्ति और त्योहार की खुशी साफ दिखाई दी. गणेश उत्सव के दौरान 'चुंबक' की टीम का रीयूनियन भी हुआ. संदीपा ने अर्जुन बिजलानी, नीना गुप्ता, हेली शाह और डेलनाज ईरानी के साथ ग्रुप सेल्फी साझा की. उन्होंने तस्वीर के साथ 'मेरे चुंबक' लिखा. इस मुलाकात ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को भी ताजा कर दिया. संदीपा की साझा की गई तस्वीरों में गणपति उत्सव के तीन रंग नजर आए—आस्था, दोस्ती और खुशियां. अभिनेत्री ने परिवार और दोस्तों के साथ त्योहार मनाने के साथ अपने प्रशंसकों को भी गणेश चतुर्थी की झलक दिखाई.



### 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का हुआ ऐलान

## अजय देवगन की कॉमेडी फ्रेंचाइजी में फिर दिखेगा पुराना अंदाज

**रोहित शेट्टी** 'गोलमाल' गैंग के साथ बड़े पर्दे पर फिर से वही मस्ती और धमाल वापस लाने के लिए तैयार हैं. कॉमेडी फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म 'गोलमाल 5' जल्द ही आ रही है. रोहित शेट्टी ने इसकी रिलीज की तारीख का एलान कर दिया है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर 'गोलमाल 5' का नया पोस्टर जारी किया है. इसमें अजय देवगन के अलावा अरशद वारसी, कुणाल खेमू, शरमन जोशी, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर नजर आ रहे हैं. फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है. इसके बैकग्राउंड में पहाड़, पुल और सड़कें दिखाई दे रही हैं. रोहित शेट्टी ने फिल्म 'गोलमाल 5' का पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा है 'हंसी, मजा, खुशी और परिवार... बस, और कुछ नहीं. 8 जनवरी 2027' फिल्म के पोस्टर पर लिखा है 'यह फिल्म सिनेमाघरों में 8 जनवरी 2027 को रिलीज होगी. 'गोलमाल 5' में इस फ्रेंचाइजी के कई जाने-पहचाने चेहरे वापस आ रहे हैं, जिससे फिल्म के पांचवें हिस्से में पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी. अजय देवगन 'गोपाल' के रोल में लौटेंगे, साथ ही अरशद वारसी 'माधव' के तौर पर, तुषार कपूर 'लकी' के तौर पर, कुणाल खेमू 'लक्ष्मण' के तौर पर और श्रेयस तलपड़े भी अपने रोल में वापसी करेंगे. इस रियूनियन में शरमन जोशी भी शामिल हो रहे हैं, जो लगभग दो दशक बाद 'गोलमाल' में वापसी कर रहे हैं.




## कैटरीना पर कमेंट करने वालों को सलमान की दो टूक

**बिग बॉस** 20 के 'वीकेंड का वार' में इस बार सलमान खान का अलग ही अंदाज देखने को मिला। आमतौर पर शो के दौरान प्रतियोगियों को उनकी हरकतों पर फटकार लगाने वाले सलमान ने इस बार सोशल मीडिया ट्रोलर्स को आड़े हाथों लिया. वजह बनी अभिनेत्री कैटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर की जा रही ऑनलाइन ट्रोलिंग. कैटरीना हाल ही में पति विक्की कौशल के साथ गणेश पूजा में नजर आई थीं. उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके शरीर और वजन को लेकर टिप्पणियां की थीं. इसी मुद्दे पर सलमान ने नाराजगी जाहिर की. सलमान ने कहा कि प्रेग्नेंसी के बाद महिला के शरीर में बदलाव होना सामान्य बात है. उन्होंने सवाल किया कि लोग किसी महिला के शरीर को लेकर टिप्पणी करने में इतना उत्साह क्यों दिखाते हैं. उनका कहना था कि जब कैटरीना दोबारा काम पर लौटेंगी, तो अपने हिसाब से फिटनेस पर ध्यान देंगी.






## कबीर-मायरा के प्यार का दुश्मन बना समर

**ये रिश्ता** क्या कहलाता है' में आने वाले एपिसोड्स में हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिलने वाला है. कबीर और मायरा के रिश्ते का सच सामने आने के बाद दामानी और पोद्दार परिवार के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है. मायरा अपने प्यार को बचाने के लिए अरमान और अभीरा तक से बहस कर चुकी है. वहीं कबीर भी परिवार की नाराजगी की परवाह किए बिना मायरा का साथ देने पर अड़ा हुआ है. लेकिन दोनों की प्रेम कहानी के बीच अब समर दामानी सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आएंगे. कबीर को भरोसा है कि उसके ताऊजी समर उसके प्यार को समझेंगे और परिवार के सामने उसका साथ देंगे. हालांकि, समर का गुस्सा देखकर कबीर की यह उम्मीद टूट जाती है. आने वाले एपिसोड में समर कबीर को मायरा से रिश्ता खत्म करने की चेतावनी देते दिखाई देंगे. वह कबीर का कंधा कसकर दबाते हुए उसे समझाने की कोशिश करेंगे कि अगर उसने मायरा से रिश्ता जारी रखा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं. समर के इस बदले रवैये से नंदिनी भी तनाव में आ जाएगी.



# फूड सेफ्टी ऑफिसर बनने का मौका

### जानें कौन कर सकता है आवेदन

**सरकारी** नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग में करियर बनाने का मौका सामने आया है. हरियाणा लोक सेवा आयोग यानी एचपीएससी की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) भर्ती 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है. 19 सितंबर यानि शनिवार से इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुकी है . खाद्य सुरक्षा अधिकारी का पद उन उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जो खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकों से जुड़े क्षेत्र में सरकारी सेवा करना चाहते हैं.

**इन विषयों की डिग्री जरूरी:** उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित विषय में डिग्री होना जरूरी है. फूड टेक्नोलॉजी, फूड इंजीनियरिंग, फूड प्रोसेसिंग, फूड सेफ्टी एंड क्वालिटी मैनेजमेंट, डेयरी टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी और ऑयल टेक्नोलॉजी जैसे विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट डिग्री वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. इसके अलावा कृषि, कृषि इंजीनियरिंग, मत्स्य पालन,



बागवानी और फूड न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स जैसे विषयों में डिग्री रखने वाले अभ्यर्थियों को भी पात्रता दी गई है. यानी भर्ती में केवल फूड टेक्नोलॉजी से जुड़े उम्मीदवार ही नहीं, बल्कि खाद्य और कृषि क्षेत्र से संबंधित कई विषयों के अभ्यर्थियों के लिए भी अवसर रखा गया है.

**विज्ञान और मेडिकल डिग्री वालों को भी मौका:** पात्रता का दायरा यहीं खत्म नहीं होता. पशु चिकित्सा विज्ञान, जैव रसायन, सूक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान और चिकित्सा में स्नातक डिग्री रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं. इसके साथ ही एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस, बीएएमएस और बैचलर ऑफ सोवा रिग्पा मेडिसिन एंड सर्जरी जैसी मेडिकल डिग्री भी मान्य योग्यता में शामिल हैं.

### आवेदन से पहले जांचें पूरी पात्रता

एफएसओ भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सलाह है कि वे आवेदन करने से पहले एचपीएससी की ओर से जारी आधिकारिक भर्ती अधिसूचना में शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण, आवेदन शुल्क और अन्य शर्तों को ध्यान से जांच लें. केवल निर्धारित योग्यता पूरी करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन के लिए पात्र होंगे.

# 10वीं-12वीं पास के लिए रेलवे में नौकरी का मौका

**सरकारी नौकरी** की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए रेलवे ने भर्ती का अवसर दिया है. रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, दक्षिणी रेलवे की ओर से स्काउट्स एंड गाइड्स कोटे के तहत 17 पदों पर भर्ती की जा रही है. इसमें दक्षिणी रेलवे और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के सातवें वेतन आयोग के लेवल-1 और लेवल-2 के पद शामिल हैं. भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 19 सितंबर 2026 सुबह 9 बजे से शुरू होकर 18 अक्टूबर 2026 रात 11:59 बजे तक किए जा सकते हैं.

**लेवल-2 के लिए योग्यता:** लेवल-2 के पदों के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना जरूरी है.

**18 अक्टूबर अंतिम तिथि**




अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए 50 प्रतिशत अंकों की शर्त लागू नहीं है. तकनीशियन पदों के लिए मैट्रिक के साथ अप्रेंटिसशिप या राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से मान्यता प्राप्त आईटीआई की योग्यता भी स्वीकार की जाएगी.

**लेवल-1 के लिए 10वीं पास:** लेवल-1 के पदों के लिए 10वीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. इसके अलावा आईटीआई, राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र या निर्धारित संयोजन वाली योग्यता भी मान्य है.

### स्काउट्स एंड गाइड्स की शर्त जरूरी

उम्मीदवार के पास राष्ट्रपति का स्काउट, गाइड, रोवर या रेंजर पुरस्कार अथवा हिमालयन वुड बैज होना चाहिए. उसे वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्काउट्स संगठन का सक्रिय सदस्य रहने के साथ 2026-27 में भी सक्रिय होना जरूरी है. राष्ट्रीय/अखिल भारतीय रेलवे स्तर के दो और राज्य स्तर के दो कार्यक्रमों में भागीदारी की शर्त भी रखी गई है.

**आयु और शुल्क** : लेवल-2 में सामान्य वर्ग के लिए आयु 18 से 30 वर्ष, ओबीसी के लिए 33 वर्ष और एससी-एसटी के लिए 35 वर्ष तक है. लेवल-1 में यह सीमा क्रमशः 33, 36 और 38 वर्ष है. सामान्य, ओबीसी और अन्य उम्मीदवारों के लिए शुल्क 500 रुपये है, जिसमें परीक्षा में शामिल होने पर 400 रुपये वापस किए जाएंगे. एससी, एसटी, पूर्व सैनिक, दिव्यांग, महिला, ट्रांसजेंडर, अल्पसंख्यक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 250 रुपये है, जो परीक्षा में शामिल होने पर वापस किया जाएगा.

# जेलर और वार्डर पदों पर भर्ती

**कर्नाटक** परीक्षा प्राधिकरण बेंगलुरु ने कर्नाटक कारागार एवं सुधार सेवा विभाग में भर्ती 2026 का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के तहत जेलर, वार्डर, वार्डर सह नर्सिंग और द्वितीय श्रेणी शिक्षक के कुल 869 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी.

भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू है और उम्मीदवार 15 अक्तूबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे. आवेदन शुल्क का भुगतान 16 अक्तूबर 2026 तक किया जा सकता है. उम्मीदवारों की आयु 20 से 33 वर्ष के बीच होनी चाहिए. लिखित परीक्षा 21 नवंबर 2026 को दोपहर 3 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगी. लिखित परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को आगे शारीरिक मानक परीक्षण और सहनशक्ति परीक्षण देना होगा.

किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री या समकक्ष योग्यता जरूरी है. समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, अपराधशास्त्र और सुधारात्मक प्रशासन जैसे विषयों में डिग्री वालों को प्राथमिकता दी जाएगी.जिन उम्मीदवारों ने एसएसएलसी या समकक्ष परीक्षा में कन्नड़ को पहली या दूसरी भाषा के रूप में पढ़ा है, उन्हें अलग से कन्नड़ भाषा परीक्षा नहीं देनी होगी. कन्नड़ माध्यम से पढ़ाई करने वाले उम्मीदवारों को भी इस परीक्षा से छूट मिलेगी.

**नवंबर में होगी लिखित परीक्षा**

# यूपी में आंगनवाड़ी भर्ती, 12वीं पास महिलाओं के 460 पद

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले में आंगनवाड़ी सहायिका के 460 पदों पर भर्ती निकली है. इस भर्ती के लिए 12वीं पास स्थानीय महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकती हैं. भर्ती जिले की 15 बाल विकास परियोजनाओं में की जाएगी. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 8 अक्टूबर 2026 रात 12 बजे निर्धारित की गई है. इच्छुक उम्मीदवार विभाग के निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकती हैं.

**15 परियोजनाओं में 460 पद:** शाहजहांपुर जिले की 15 बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी सहायिका के कुल 460 पद रिक्त हैं. इनमें सबसे ज्यादा 85 पद पुवायां परियोजना में हैं, जबकि जलालाबाद परियोजना में सबसे कम 10 पद हैं.



**18 से 35 वर्ष आयु सीमा** : उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए. आयु की गणना 1 जुलाई 2026 के आधार पर की जाएगी. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए हाईस्कूल की अंकसूची या प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि मान्य होगी.

### स्थानीय महिला होना जरूरी

भर्ती में केवल स्थानीय महिला उम्मीदवार ही पात्र होंगी. आवेदिका का कम से कम 12वीं यानी इंटरमीडिएट या इसके समकक्ष परीक्षा पास होना जरूरी है. साथ ही जिस वार्ड या ग्राम पंचायत में आंगनवाड़ी सहायिका का पद रिक्त है, उम्मीदवार को उसी क्षेत्र का निवासी होना चाहिए. आरक्षित पदों के लिए संबंधित आरक्षित वर्ग की महिलाओं को ही पात्र माना जाएगा. वहीं अनारक्षित पदों के लिए सभी वर्गों की पात्र महिलाएं आवेदन कर सकती हैं.

### बिना परीक्षा और साक्षात्कार होगा चयन

इस भर्ती में लिखित परीक्षा या साक्षात्कार नहीं होगा. चयन शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तैयार होने वाली मेरिट से किया जाएगा. मेरिट में 12वीं की न्यूनतम योग्यता के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के अंकों को भी निर्धारित सरकारी नियमों के अनुसार शामिल किया जाएगा. आवेदन में दी गई जानकारी और मूल दस्तावेजों में अंतर मिलने पर मूल दस्तावेजों में दर्ज जानकारी को मान्य माना जाएगा. इसलिए आवेदन करते समय शैक्षणिक और निवास संबंधी विवरण सावधानी से भरना जरूरी है.